# प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (अन्तर्गत धारा 154 दण्ड प्रकिया संहिता)

1. जिला:–चौकी ए.सी.बी. बारां थाना.... प्रधान आरक्षी केन्द्र, भ्र0नि0ब्यूरो जयपुर
प्र.सू.रि. संख्या ......319...... / 2022 दिनांक ............18/8/2022

2.(A) अधिनियम–भ्रष्टाचार निवारण एक्ट 1988 धारायें–13(1)(ई),13(2)

(B) अधिनियम भ्रष्टाचार निवारण संशोधन एक्ट 2018 धारायें

(C) अधिनियम.......................................धारायें..........................

(D)अन्य अधिनियम धारायें.........................................................................

3.(अ)रोजनामचा आम रपट संख्या..............................323...समय.........6.30 P.M.

(ब) अपराध घटने का दिन वर्ष....1980 से 30.10.2015

(स) थाना पर सूचना प्राप्त होने की दिनांक... खानातलाशी दिनांक (30.10.15)

4. सूचना की किस्म लिखित / मौखिक ......लिखित शिकायत

5. घटना स्थल:– सी–54 थर्मल कोलोनी, कोटा

(अ) पुलिस थाना से दिशा व दूरी:– दक्षिण दिशा, दूरी लगभग 3 किलोमीटर

(ब) पता बीट संख्या..................जरायम देही संख्या.....................

(स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का है तो

पुलिस थाना.........................................जिला .....................................

6. परिवादी / सूचनाकर्ता :–

(अ) नाम:– विजय स्वर्णकार

(ब) पिता का नाम –जी.एस.स्वर्णकार

(स) जन्म तिथि / वर्ष........53 वर्ष

(द) राष्ट्रीयता.– भारतीय

(य) पासपोर्ट संख्या....................जारी होने की तिथि...........जारी होने की जगह...........
.......

(र) व्यवसाय– अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

(ल) पता – एसीबी चौकी कोटा

7. ज्ञात / अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तों का ब्योरा सम्पूर्ण विशिष्ठियों सहित :–

1. श्री ललित कुमार नन्दवाना पुत्र श्री भवंरलाल जाति ब्राहमण उम्र 62 साल निवासी– सी–54 थर्मल कोलोनी कोटा तत्कालीन अतिरिक्त चीफ इंजिनियर, कोटा थर्मल पावर स्टेशन कोटा हाल सेवा निवृत्त।

8. परिवादी / सूचनाकर्ता द्वारा इत्तला देने मे विलम्ब का कारण:–.शून्य

9.चुराई हुई लिप्त सम्पत्ति की विशिष्टियां (यदि अपेक्षित हो तो अतिरिक्त पन्ना लगाये)

10. चुराई हुई / लिप्त सम्पत्तियों का कुल मूल्य..... विवरण अंकित है।

11. पंचनामा / यू.डी. केस संख्या (अगर हो तो) ..................................

12. विषय वस्तु प्रथम इत्तला रिपोर्ट (अगर अपेक्षित हो तो अतिरिक्त पन्ना लगायें) :–

महोदय हालात इस प्रकार है कि दिनांक 26.10.2015 को श्री नाथूलाल नागर पुत्र श्री प्रभूलाल नागर जाति नागर, उम्र 52 साल निवासी मधु स्मृति संस्थान के पास, कच्ची बस्ती रंगबाडी कोटा ने ब्यूरो कार्यालय कोटा में उपस्थित होकर एक लिखित रिपोर्ट ब्यूरो कार्यालय कोटा में इस आशय की कि मैं 15 वर्षों से फर्म मै0 टेक्नोमेक इंजी0 कंपनी के नाम से कोटा थर्मल में मेन्टीनेन्स व रिपेयरिंग कार्यों का काम कर रहा हूं, मेरे द्वारा थर्मल में किए गए कार्यो का तथा नये कार्यादेश (जो लगभग 66 लाख रूपये का है) बाबत श्री चन्द्रशेखर शर्मा व श्री राजीव लोहमी सहायक अभियंता कई बार पुराने व नए ऑर्डर का पैसा चुकाने हेतु बार–बार मांग कर रहे है, कहते है कि आर्डर का पैसा लगभग 2 लाख रूपये ऊपर के अधिकारियों श्री वाई. के विजय, एल.के नन्दवाना एवं एकाउन्ट्स ऑफिस में सी.सी.ओ. साहब व कैलाशजी को देने हैं। विजय साहब व एकाउन्ट्स का हमें दे दो एवं नन्दवाना साहब को चाहे तो आप दे देना। एस.ई. साहब श्री आर.के. छावलजी से भी आप

ही बात कर लेना। वह भी बार–बार हमें परेशान करते हैं, जिससे हम बिलों का भुगतान भी नहीं कर पाते हैं। अभी तक मेरा 20 लाख रूपये का कार्य का भुगतान बाकी है। मैं उक्त आरोपीगण को रिश्वत की राशि नही देकर उन्हे रंगे हाथ पकडवाना चाहता हूँ। "

उपरोक्त शिकायत के सत्यापन पश्चात ट्रेप कार्यवाही कर आयोजन कर परिवादी श्री नाथूलाल नागर से उसके द्वारा किये गये कार्य के बिलों को पास करने व नया टेण्डर दिलाने की एवज में रिश्वत की मांग कर रंगे हाथों पकडे जाने पर आरोपीगण श्री ललित कुमार नन्दवाना डिप्टी चीफ इंजिनियर केटीपीएस कोटा, श्री आर.के.छावल अधीक्षण अभियंता केटीपीएस कोटा, श्री राजीव लोहमी सहायक अभियंता, चन्द्रशेखर शर्मा सहायक अभियंता, श्री कैलाशचन्द शर्मा सहायक लेखाधिकारी केटीपीएस कोटा को गिरफ्तार किया गया, तत्पश्चात आरोपीगणो के रहवासी मकानों की खानातलाशी लेने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा पृथक–पृथक टीम को निर्देश दिये गये, जिनमें सें आरोपी श्री ललित कुमार नन्दवाना डिप्टी चीफ इंजिनियर केटीपीएस कोटा के घर की खाना तलाशी श्री कृष्णकांत शर्मा, उप अधीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, भीलवाडा–प्रथम द्वारा स्वतंत्र गवाहान डॉ. हरीश गौतम तत्कालीन व्याख्याता प्राणीशास्त्र एवं श्री गजानंद चरवे तत्कालीन व्याख्याता प्राणीशास्त्र राजकीय महाविधालय कोटा के समक्ष ली गई। श्री ललित कुमार नन्दवाना के घर में दिनांक 30.10.2015 को निम्नलिखित सम्पत्ति पाई गईः–

बैठक कक्ष कमरा नम्बर–01

| क.सं. | सामान | अनुमानित कीमत (रूपयों में) |
|---|---|---|
| 1 | छत पंखा, टयूबलाईट, सरकारी होना बताया, दोनों गवाहान द्वारा सरकारी होना स्वीकार किया। | – |
| 2 | दीवार घडी | 200/– |
| 3 | दीवान मय इस्तेमाली बिस्तर | 4000/– |
| 4 | सोफा सेट पुराना | 4000/– |
| 5 | टी– टेबल | 1200/– |

कमरा नम्बर–02

| क.सं. | सामान | अनुमानित कीमत |
|---|---|---|
| 1 | छत पंखा ट्यूबलाईट, जो सरकारी है | – |
| 2 | डबल बेड मय बिस्तर पुराना | 4500/– |
| 3 | एल.सी.डी. 21 इंच | 14000/– |
| 4 | लकडी की अलमारी में रखे इस्तेमाली पुराने कपडे | 5000/– |
| 5 | एक वी.आई.पी. सूटकेस जिसमें इस्तेमाली कपडे रखे हैं | 2000/– |
| 6 | रजाई–3 | 2500/– |
| 7 | लोहे की पेटी जिसमें इस्तेमाली कपडे रखे हुये है। | 3500/– |
| 8 | 1. एस.बी.बी.जे. पासबुक खाता संख्या नं. 61025618425 जो श्रीमती उपेक्षा के नाम पर हैं जिसमें अंतिम बैलेंस राशि 96/– रूपये दिनांक 12.10.15 को शेष है।<br>2. एसी.बी.बी.जे. पासबुक खाता संख्या 51100517265 जो सुश्री इशा के नाम पर हैं जिसमें दिनांक 28.03.2015 को राशि 5357/– रूपये शेष है।<br>3. एस.बी.बी.जे. पासबुक खाता संख्या 570753334889 जो ललित नन्दवाना के नाम पर हैं जिसमें दिनांक 30.06.2013 को अंतिम बैलेंस राशि 2753/– शेष है।<br>4. एस.बी.बी.जे. खाता संख्या 61227618573 जो श्री ललित नन्दवाना के नाम पर हैं जिसमें दिनांक 25.03.2015 को अंतिम बैलेंस 5263/– रूपये है।<br>5. एस.बी.बी.जे खाता संख्या 10001321611 जो श्री भवंर | |

| | | |
|---|---|---|
| | लाल के नाम पर हैं में अंतिम बैलेंस राशि 5348/– रूपये है।<br>6. एस.बी.बी.जे. खाता संख्या 10927349580 जो श्री ललित नन्दवाना के नाम पर है जिसमें दिनांक 31.03.2015 को अंतिम बैलेंस राशि 18,18,142/– रूपये है।<br>7. हाथघडी पुरानी एच.एम.टी. कम्पनी की कीमत 800/– रूपये<br>8. सोने की पुरानी अंगूठी वजन 2.5 ग्राम<br>9. सोने की चूडी पुरानी जो श्रीमती निर्मला द्वारा उपहार में देना बताया 1 तौला<br>10. मंगलसूत्र सोने का पुराना 1.50 तौला<br>11. सोने चांदी के कान के टॉप्स पुराना 1.50 तौला<br>12. चांदी के लक्ष्मी जी के छोटे सीक्के 40 ग्राम<br>13. चांदी की बिछिया 8 पुरानी–20 ग्राम<br>14. पांच जोडी चांदी की पायजेब-- 300 ग्राम<br>15. दो सोने की चेन पुरानी 1.50 तौला<br>16. एक सोने की अगुंठी–2.5 ग्राम<br>17. दो सोने की कान की बालियां–2.5 ग्राम<br>18. नगद राशि 3,40,584/– रूपये जिसमें से 30,000 रूपये सुश्री इशा द्वारा स्वयं की तनख्वाह के होना बताया, घरेलू खर्च हेतु 30,000 रूपये श्रीमति निर्मला को लौटाये गये।<br>19. 74, नम्बर लॉकर की चाबी | 800/–<br>सोने के आभूषणों की कीमत– 85,000/–<br>चांदी के आभूषणों की कीमत–14,400/–<br>आभूषणों की कुल कीमत– 99,400/– |

कमरा नम्बर–03

| क.सं. | सामान | अनुमानित कीमत |
|---|---|---|
| 1 | छत पंखा ट्यूबलाईट, जो सरकारी है | – |
| 2 | डबल बेड पुराना मय बिस्तर पुराना | 2500/– |
| 3 | कम्प्यूटर मय सी.पी.यू. पुराना | 6000/– |
| 4 | स्टडी टेबल लकडी की पुरानी | 1200/– |
| 5 | बेत की कुर्सी पुरानी | 800/– |
| 6 | दीवार अलमारी जिसमें इस्तेमाली पुराने कपडे रखे है। | 2500/– |

रसोई घर

| क.सं. | सामान | अनुमानित कीमत |
|---|---|---|
| 1 | छत पंखा ट्यूबलाईट, जो सरकारी है | – |
| 2 | गैस टंकी इण्डेन मय चुल्हा | 3000/– |
| 3 | खाने पीने की राशन सामग्री | 6000/– |
| 4 | खाध्य सामग्री के इस्तेमाली बर्तन पुराने व नये | 4000/– |
| 5 | मिक्सर व ग्राईण्डर | 2200/– |

डायनिंग हॉल

| क.सं. | सामान | अनुमानित कीमत |
|---|---|---|
| 1 | छत पंखा ट्यूबलाईट, जो सरकारी है | – |
| 2 | डायनिंग टेबल मय कुर्सी–6 पुरानी | 5000/– |
| 3 | लोहे का खाट पुराना मय बिस्तर | 1000/– |
| 4 | फ्रीज वर्लपूल | 9000/– |
| 5 | दीवार घडी | 150/– |

चौक

| क.सं. | सामान | अनुमानित कीमत |
|---|---|---|
| 1 | वॉशिंग मशीन पुरानी ऑनिडा कम्पनी | 6000/– |
| 2 | सूटकेस जिसमें कपडे रखे हैं | 2000/– |
| 3 | लोहे का बक्सा पुराना जिसमें पुराने कपडे रखे है | 500/– |
| 4 | पुराना कूलर | 1500/– |

गैराज

| क.सं. | सामान | अनुमानित कीमत |
|---|---|---|
| 1 | बेबी साईकिल हिरो कम्पनी की | 1200/– |
| 2 | पुराना लोहे का ड्रम | 1200/– |

एक कार आई–10 नं. आर.जे. 14 सी.एफ. 0923 घर पर खडी मिली जिसकी आर.सी. नहीं मिली उक्त कार पुरानी खरीदना बताया।

**श्री ललित कुमार नन्दवाना के घर की खाना तलाशी में मिले सामानों की कीमत का विश्लेषण किया गया जो मुताबिक प्रोफार्मा में निम्नानुसार है:–**

**चैक परियड (वर्ष फरवरी 1980 से अक्टूम्बर 2015 तक) से पूर्व अर्जित परिसम्पत्तियों का विवरण :–**

प्रपत्र–अ

| क. स. | परिसम्पत्ति का विवरण | खरीदने/निवेश दि./वर्ष | किसके नाम खरीदी गई– आरोपी से सम्बन्ध | परिसम्पत्ति का मूल्य | परिसम्पत्ति की वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| | निल | | | | |
| | | | | | |

**चैक परियड ( वर्ष फरवरी 1980 से अक्टूम्बर 2015 तक) के अन्त में मौजूद परिसम्पत्तियों का विवरण:–**

प्रपत्र–ब

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री ललित नन्दवाना के घर की खाना तलाशी में मिले सामानों की अनुमानित कीमत. | 96,150 |
| 2 | एस.बी.बी.जे खाता संख्या 10001321611 जो श्री ललित कुमार नन्दवाना के पिता श्री भवंर लाल के नाम पर हैं में दिनांक 31.10. 2015 को अंतिम बैलेंस राशि 3084969/– रूपये है। | 30,84,969 |
| 3 | एस.बी.बी.जे. पासबुक खाता संख्या नं. 61025618425 जो श्रीमती उपेक्षा पुत्र श्री ललित कुमार नन्दवाना के नाम पर हैं जिसमें दिनांक 31.10.2015 को अंतिम बैलेंस राशि 5866 रूपये हैं | 5,866 |
| 4 | एसी.बी.बी.जे. पासबुक खाता संख्या 51100517265 जो सुश्री ईशा पुत्री श्री ललित नन्दवाना के नाम पर हैं जिसमें दिनांक 31.10.2015 को को राशि 8,89,211/– रूपये शेष है। | 8,89,211 |
| 5 | एस.बी.बी.जे. पासबुक खाता संख्या 570753334889 जो ललित नन्दवाना के नाम पर हैं जिसमें दिनांक 31.10.2015 को अंतिम बैलेंस राशि 2856/– शेष है। | 2,856 |
| 6 | एस.बी.बी.जे. खाता संख्या 10927349580 जो श्री ललित नन्दवाना के नाम पर है जिसमें दिनांक 31.10.2015 को अंतिम बैलेंस राशि 1976320/– रूपये है। | 19,76,320 |
| 7 | एस.बी.बी.जे. खाता संख्या 61227618573 जो श्री ललित नन्दवाना के नाम पर हैं जिसमें दिनांक 31.10.2015 को अंतिम बैलेंस 18,72,584/–रूपये है। | 18,72,584 |
| 8 | एक कार Hyundai I 10 Era [euro third] Modal March 2008 रजि. नम्बर आर.जे. 14 सी.एफ.0923 पुरानी क्रय की गई | 1,40,000 |
| 9 | कार रजि. नम्बर आर.जे. 14 सी.एफ.0923 पुरानी क्रय की गई पर खर्च की गई राशि, डीजल एंव बीमा पर | 1,50,000 |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | दिनांक 03.11.2015 को लॉकर नं. 149 स्टेट बैंक ऑफ बिकानेर एण्ड जयपुर, शाखा थर्मल परिसर कोटा की तलाशी के दौरान लॉकर में मिले सोने चांदी के जेवरात की अनुमानित कीमत | 10,35,640 |
| 11 | नगद राशि 3,40,584/– रूपये जिसमें सें 30,000 रूपये सुश्री ईशा द्वारा स्वयं की तनख्वाह के होना बताया, घरेलू खर्च हेतु 30,000 रूपये श्री ललित कुमार नन्दवाना की पत्नि श्रीमती निर्मला को लौटाये गये। | 3,40,584 |
| 12 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा कराई गई कुल 26एफ.डी.आर. की कीमत | 30,84,970 |
| 13 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा आई.डी.बी.आई फ्लैक्सीबॉन्ड नं. 07083475 में इन्वेस्टमेंट किया गया दिनांक 2.03.2001 को 10,000 रूपये का | 10,000 |
| 14 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा आई.डी.बी.आई टैक्स सेविंग बॉन्ड नं. 010647042 में इन्वेस्टमेंट किया गया दिनांक 30.03.2004 को 7,000 रूपये का | 7,000 |
| 15 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा आई.सी.आई.सी.आई टैक्स सेविंग बॉन्ड नं. 177579 में इन्वेस्टमेंट किया गया दिनांक 03.04.2003 को 5,000 रूपये का | 5,000 |
| 16 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा आई.सी.आई,सी.आई टैक्स सेविंग बॉन्ड नं. 52912 में इन्वेस्टमेंट किया गया दिनांक 09.03.2004 को 30,000 रूपये का | 30,000 |
| 17 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा आई.सी.आई,सी.आई टैक्स सेविंग बॉन्ड नं. 52416 में इन्वेस्टमेंट किया गया दिनांक 05.02.2004 को 5,000 रूपये का | 5,000 |
| 18 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा आई.सी.आई,सी.आई टैक्स सेविंग बॉन्ड नं. 02469135 में इन्वेस्टमेंट किया गया दिनांक 05.03.2002 को 20,000 रूपये का | 20,000 |
| 19 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा आई.सी.आई,सी.आई टैक्स सेविंग बॉन्ड नं. 52510 में इन्वेस्टमेंट किया गया दिनांक 19.02.2002 को 5000 रूपये का | 5,000 |
| 20 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा आई.डी.बी.आई फ्लेक्सीबल बॉन्ड नं. 04051984 में इन्वेस्टमेंट किया गया दिनांक 30.03.2005 को 30,000 रूपये का | 30,000 |
| 21 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा आई.डी.बी.आई टैक्स सेविंग बॉन्ड नं. 022663716में इन्वेस्टमेंट किया गया दिनांक 21.03.2005 को 5,000 रूपये का | 5,000 |
| 22 | श्री ललित कुमार नन्दवाना के घर पर तलाशी के दौरान मिले आभूषणों की जुलाई 2015 के अनुसार कुल कीमत | 99,400 |
| कुल योग :– | | 1,28,95,550 |

**चैक परियड (फरवरी 1980 से अक्टूम्बर 2015 तक) की अवधि में एस.ओ. की शुद्ध आय का विवरणः–**

<u>प्रपत्र स</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री ललित कुमार नन्दवाना द्वारा चैक पिरियड में वेतन भत्ते रूप में आय– 86,60,596 रू., थर्मल अलाउन्स–18,17,468 रू. एवं एरियर के रूप में– 3,99,207 रू. हैं इस प्रकार कुल समस्त वेतन भत्तों के रूप के कुल अर्जीत आय– 1,08,77,271 रूपये हैं, जिसमें सें कुल कटौतियां 24,42,357 रू. कम करने के पश्चात कुल आय– 84,34,914 रूपये है। | 84,34,914 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | आरोपी का पुत्र श्री अक्षय नन्दवाना द्वारा बोम्बे प्राईवेट कम्पनी में जोब कर प्राप्त की गई आय जो इन्कम में दिखाई हैं जो आरोपी की आय में जोडे जाने योग्य है। | 2,97,245 |
| 3 | आरोपी की पुत्री श्री इशा नन्दवाना द्वारा ऑफीस एक्जीक्यूटीव के रूप में कार्य कर प्राप्त की गई आय जो इन्कम में दिखाई हैं जो आरोपी की आय में जोडे जाने योग्य है। | 7,29,591 |
| कुल योग :– | | 94,61,750 रू. |

चैक परियड (फरवरी 1980 से अक्टूम्बर 2015 तक) की अवधि में एस.ओ. द्वारा किए गए खर्चों का विवरण:–

प्रपत्र–द

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बच्चों की शिक्षा पर अनुमानित खर्च | 8,00,000 |
| 2 | बिजली बिल पर अनुमानित खर्च | 2,50,000 |
| 3 | पुत्री ईशा नन्दवाना की शादी में किया गया अनुमानित खर्च | 10,00,000 |
| 4 | कुल असत्यापनीय व्यय– 1,08,77,271 रू में सें इन्कम टैक्स–1248427 रू. कम करने के पश्चात– 96,28,844 रू. का एक तिहाई– 32,09,615 रू. रसोई खर्च है। | 32,09,615 |
| | कुल योग | 52,59,615 रू. |

मौखिक/अभिलेखीय साक्ष्य का अनुसंधान अधिकारी द्वारा विवेचनः–

दस्तावेजीय एवं मौखिक साक्ष्यों का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि आरोपी श्री ललित कुमार नन्दवाना पुत्र श्री भवंरलाल जाति ब्राहमण उम्र 62 साल निवासी– सी–54 थर्मल कोलोनी कोटा तत्कालीन अतिरिक्त चीफ इंजिनियर, कोटा थर्मल पावर स्टेशन कोटा द्वारा चैक पीरियड अवधि वर्ष फरवरी 1980 से 30.10.2015 तक वेतन भत्तो, पुत्र अक्षय नन्दवाना व पुत्री इशा नन्दवाना द्वारा प्राप्त की गई राशि एवं घर खर्च हेतु एक तिहाई कम करने के पश्चात कुल 64,73,229 रूपये हैं। आरोपी द्वारा दूसरी पुत्री अपेक्षा नन्दवाना द्वारा भी आय अर्जीत करना बताया हैं, किन्तु इस संबन्ध में उनके द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये हैं तथा सोने चांदी के जेवरात के संबन्ध में भी आरोपी द्वारा एक शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया हैं जो दिनांक 06.07.2016 का हैं तथा आरोपी की शादी दिनांक 6 मई 1981 को हुई थी, अतः शपथ पत्र में बताया गया स्त्री धन मानने योग्य नहीं हैं तथा सोने चांदी की कीमत का आंकलन जुलाई 2015 सें किया गया है।

अतः आरोपी द्वारा चैक पीरियड अवधि वर्ष फरवरी 1980 से 30.10.2015 तक वेतन भत्तो, पुत्र अक्षय नन्दवाना व पुत्री इशा नन्दवाना द्वारा प्राप्त आय कुल 64,73,229 रूपये हैं। अतः आरोपी ललित कुमार नन्दवाना की चैक पीरियड अवधि वर्ष फरवरी 1980 से 30.10.2015 तक की आय व्यय की गणना निम्नानुसार हैः–

क– चैक अवधि से पूर्व अर्जित परिसम्पत्तियो का कुल मूल्य (परिपत्र अ का योग) :– शून्य
ख– चैक अवधि के अन्त में मौजूद परिसम्पत्तियो का कुल मूल्य (परिपत्र ब का योग) :–1,28,95,550 रू
ग– चैक अवधि के दौरान खरीदी/ अर्जित परिसम्पत्तियो का कुल मूल्य (ख–क):– 1,28,95,550 रू
घ– चैक अवधि के दौरान आरोपी, पत्नी व बच्चो की शुद्व आय (परिपत्र स का योग):– 94,61,750 रू
ङ– चैक अवधि के दौरान किये गये खर्चे की राशि (प्रपत्र द का योग):– 52,59,615 रू
च– चैक अवधि के दौरान अर्जित कुल परिसम्पत्तियो एवं व्यय(ख और ङ का योग):–1,81,55,165 रू
छ– आय से अधिक परिसम्पत्ति (च – घ का योग):– 86,93,415 रू
ज– आय से अधिक सम्पत्ति का प्रतिशत (छ/घ गुणा 100):– 91.88 प्रतिशत

मुताबिक प्रोफार्मानुसार आरोपी के पास मिली सम्पत्ति आरोपी द्वारा अर्जीत वैध आय से लगभग 91.88 प्रतिशत अधिक है।

इस प्रकार आरोपी ललित कुमार नन्दवाना द्वारा अपनी उपरोक्त पदावधि के दौरान राज्यसेवा मे अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अपने आपको अवैध रूप से साश्य समृद्ध किया है तथा अपने वैध आय के ज्ञात स्त्रोतो से अनानुपातिक धनीय संसाधन एंव सम्पति उसके कब्जे मे है जो कि धारा 13(1)(ई),13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अर्न्तगत दण्डनीय अपराध है।

अतः श्री ललित कुमार नन्दवाना पुत्र श्री भवंरलाल जाति ब्राहमण उम्र 62 साल निवासी– सी–54 थर्मल कोलोनी कोटा तत्कालीन अतिरिक्त चीफ इंजिनियर, कोटा थर्मल पावर स्टेशन कोटा द्वारा चैक पीरियड अवधि वर्ष फरवरी 1980 से 30.10.2015 तक वेतन भत्तो पुत्र व पुत्री

व्यय सम्पत्ति परिसम्पत्तियों अर्जित

द्वारा प्राप्त की गई राशि से आरोपी की आय एवं व्यय का लेखा–जोखा करने पर आरोपी श्री ललित कुमार नन्दवाना की वैध आय से लगभग 91.88 प्रतिशत अधिक होना पायी गई है। आरोपी का उपरोक्त कृत्य धारा 13(1)(ई),13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में अपराध घटित होना पाया जाने से आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करने हेतु बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्रीमान महानिदेशक महोदय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर की सेवामें सादर प्रेषित हैं।

भवदीय

(विजय स्वर्णकार)
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,कोटा

कार्यवाही पुलिस

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईप शुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री विजय स्वर्णकार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कोटा ने प्रेषित की है। मजमून रिपोर्ट से अपराध अन्तर्गत धारा 13(1)(ई), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में आरोपी श्री ललित कुमार नन्दवाना पुत्र श्री भंवरलाल, निवासी सी-54, थर्मल कॉलोनी, कोटा तत्कालीन अतिरिक्त चीफ इंजीनियर, कोटा थर्मल पावर स्टेशन कोटा हाल सेवा निवृत्त के विरूद्ध घटित होना पाया जाता है। अतः अपराध संख्या 319/2022 उपरोक्त धाराओं में दर्ज कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियाँ नियमानुसार कता कर तफ्तीश जारी है।

18.8.22

पुलिस अधीक्षक-प्रशासन,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर

क्रमांक 2793-97 दिनांक 18.8.2022

प्रतिलिपि:-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, कोटा।
2. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर
3. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, राजस्थान, जयपुर।
4. पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कोटा।
5. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कोटा।

18.8.22

पुलिस अधीक्षक-प्रशासन,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर